किया हुआ मेरे पास दस्तावेज है। तो ये ग्राम पंचायत में पारित हुआ नहीं होगा तो ये कहां से कलेक्टर के पास भेज दिये। फिर 29.10.2021 को एन.आर.वी.एस. तराईमाल का है। ये भी करप्ट प्लांट में आते हैं जिसकी जनसुनवाई पिछले 03.05 को हुई थी दो प्लांट एक पूंजीपथरा में और एक प्लांट तराईमाल में लगाये है। दोनो को आसान तरीके से कर लिये तीसरा इनके लिये मुश्किल हो जायेगा। मेरे तरफ से कोशिश रहेगा ये विफल रहें। 10.11.2021 को सद्गुरू पूंजीपथरा की जनसुनवाई होनी है उसका मेरे पास अभी तक कोई दस्तावेज नहीं है बाकी होनी है उसका मैं फिर से ज्ञापन सौपूंगा मतलब आज के बाद जन सुनवाई नहीं होनी चाहिए। अब ये बताई यहा जो निवासरत् लोग है या तो उल्लु है या तो प्रशासन अन्धा है। जनसुनवाई में आना कलेक्टर का अधिकार है परन्तु पता नहीं आपको यहा किस अधिकार से भेजा जात है और आप यहां आकर बैठते हैं यह वहीं बात है खुद बचने के लिये दूसरों को भेज दो। वर्तमान में जितनी भी प्रसाशन उपस्थित हैं मै उनसे पूछना चाहता हूं छत्तीसगढ़ रायगढ़ संभावित के अलावा ये कितने वेतन भारित करते हैं। मुझे यहां उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारी हूबहू नजर आते हैं। उनको अब जनसुनवाई कराने के लिये कोई प्लान की आवश्यकता नहीं होती आओ पोजिशन सेट करो और जनसुनवाई करवाओं। मतलब ये आदत बन चुकी है वो अपना एक जगह बना लिये है किसको किस जगह बैठना किसको पेड़ के नीचे रहना है किसको मंदिर गेट के सामने रहना है। सब सेट है। मैं तो कहता हूं यहां एक नोटिस बोर्ड चिपका दो बंजारी मंदिर में फलाने जगह में फलाना आदमी बैठेगा और जनसुनवाई होगी। और स्थाई रूप से ये जनसुनवाई करवा दो। जैसे कि निम्न कर्मचारी का कर्तव्य है वो 8 बजे से आ जाते हैं यहां पर फिर आपके जैसा या पुलिस बल के उच्चाधिकारी आते हैं 11 बजे। चलो लग जाओं अपने सेटअप पें आप अपने जगह बैठ जाते है। सबसे बेस्ट है बंजारी मंदिर यहां कोई डिस्टर्ब नहीं है, पेड़ पौधे दुनियादारी। सबको वहां सेटअप कर देना है। यहां कोई प्लानिंग करनी नहीं पड़ती इसलिये यहां जनसुनवाई होती है। मै पूछना चाहता हूं जितने भी प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी किसी में हिम्मत है तो मेरे साथ जाके बंजारी पीठ में कसम खाये और बोले मै किसी प्रकार का रकम शासन से नहीं लिया हूं। और अगर नहीं लिया है तो मै उसे दुगुना पैसा दुंगा। बतादें यहां उपस्थित पुलिस हो निम्न अधिकारी या उच्च अधिकारी हो। कोई बोल दू बंजारी मां को छूकर की मैं नहीं लिया हूं उसको मैं गिफ्ट दूंगा। चाहे कर्मचारी अधिकारी दलाल या किसी वर्ग के हो या पंचायत के आदमी हों कोई हो। यहां 500 आदमी है चाहे प्रशानिक या आम आदमी को मिलायें वो तो चले गये वो तो छू ही नहीं सकते काहे कि 200 रूपये में आये थे। जहां तक प्लांट का बात है यह कंपनी चिराईपानी में है जिसका जन सुनवाई बंजारी मंदिर में रखा गया है इतना दूर 5.6 कि.मी दूर। मतलब आदमी समझ नहीं पायेगा। वर्तमान में काई बता दे कि वैजरौन क्या फिल्ड में चलता है, क्या बनातें हैं कोई बता पायेगा। मैं बताऊ काहे अगर कोई वैजरॉन प्लांट जाना भी चाहे तो जा नहीं पायेगा। उसको 03 बार दिखाना पड़ेगा तब जाके पहुंचेगा वैजरॉन प्लांट

इसलिये शायद जनसुनवाई वहां नहीं करवा रहे है। जब इनके लगभग 15.327 हेक्टेयर जमीन है। अनुमानित उनके पास 37 एकड़ जमीन है उसमें जन सुनवाई नहीं करा पायें। दूसरे गांव में क्यो करो रहे हो बोलने से बोलते है ये हमारे आदेश मे नहीं हैं कलेक्टर साहब इसको चिन्हाकिंत करते है। बंजारी मे सर्वसुविधा है वहां डिस्टर्बेन्स नहीं है मंदिर है, मौहोल बिगड़ने वाले नहीं है इसलिये जनसुनवाई करवाते हैं। प्रबंधन बोलते हैं कलेक्टर साहब को ज्ञापन सोपने पर बोलेंगे है ये सब ये लोग ई.आई.ए. रिपोर्ट में सौंपतें हैं और ये लोग खुद जगह सलेक्ट करते है करके आश्वासन मिलता है। स्पष्टीकरण कौन दे पायेगा कि बंजी मंदिर में कराने का श्रेय किसको जायेगा। बताईये कलेक्टर साहब बतायेंगे ही फोन करके पूछ लीजिये। बता दे क्यो होता है बंजारी मंदिर में जनसुनवाई। आपके मालिक प्रबंधन तो बैठे ही नहीं है। फालतू का जनसुनवाई। बंद करो। प्रबंधन को बुलाईये वरना बंद करो जनसुनवाई। लिखित दीजिये प्रबंधन नहीं बैठा है। सर बताई कितने लोग ने जनसुनवाई मे बोला है। भूल गया तो कौन पूछेगा सवाल। लिखित दीजिये इतना इतना टाईम तक प्रबंधन अनुपस्थि था। सब चीज मौखित चल रहा है। क्या रिस्पॉन्सिबिजिलटी है आपकी। 600 लोग समर्थन करके चले गये। आप जीत गये जनसुनवाई। लिखित में हमें दिजीये कि कोई उद्योग प्रबंधक नहीं है यहां। मेरे पास 4–5 पन्ना बचा है लीगल वाला बचा है। मेरा अधिकार बचा है। मेरे पास 12 पंय हैं वो सबूत है। जब चिराईपानी का आदमी बोल के गया ऐसा प्रॉब्लम है करके और आप लोग लिखित नहीं दे सकते। लिखित दे देंगे तो आपका वेतन घट जायेगा छत्तीसगढ़ राजस्व से भारित वेतन नहीं बोल रहा हूं। प्रबंधन से भारित वेतन कट जायेगा। लिखित दीजिये पर्यावरण या पीठासीन अधिकारी। मुझे लिखित चाहिये मैं किसी को बोलने भी नहीं दूंगा फिर काहे कि मेरा बात खत्म नहीं हुआ आप रोक के रखे हो मैं बात करने के लिये तैयार हूं। लीगल का मान्य लिखित में है मौखिक में नहीं है। लिखित में दिजिये फिर देखते हैं कितना जनसुनवाई करवाते हो। पंच प्रतिनिध बोल रहे हैं बताईये। या फिर जब आप ग्रामसभा में कराये तो ये भी उपस्थित थे। तो ये लोग जारी सिगनेचर करके प्रस्तावित कर दिये क्या। कोई बोलेगा ही नहीं किसी में हिम्मत ही नहीं है। कोई बोल दे समर्थन में आ रहा हूं। आपका सटडाउन टाईम 5 बजे का है। जिसको आप लोग जल्दी से करते रहते हों जल्दी जल्दी से आये करते रहते हो। ऐसे जनसुनवाई आप करवोत रहेंगें सद्गुरू का, शांभवी का, एन.आर.वी.एस. का एक दिन छोड़ो दूसरा दिन जनसुनवाई। मीटिंग होता है कितना लेना है वरना और जल्दी होता जनसुनवाई 23,24,25,26,27 को लगातार होता। हम लोग तराईमाल के आम नागरिक है तो हमें दबा दिया जाता है। लिखित में दे दीजिये। ऐसे में आप लोग ही करा लेते वही बैठे बैठे रायगढ़ में ही जन सुनवाई। लिखने में क्या जाता है कितना समर्थन कितना विरोध हुआ है। मैं लिख दिया हूं उसमें साईन सिग्नेचर कर दीजिये। आपको कई बार देखा हूं सामारूमा को सामारूपा बोलते हो देखे हो सर कहां है सामारूपा। प्रबंधन से ज्यादा ये लोग प्रदूषण फैला रहे हैं जनसुनवाई करवाकर। निम्न अधिकार का सर चढ़ जायेगा आपका चढ़ना चाहिये। लिख के

नहीं दे सकते लिख दिया हूं तो रिसिप्ट नहीं दे सकते। समर्थन विरोध करने नहीं दूंगा माईक छोडूंगा नहीं। क्या पर्यावरण अधिकारी हो साईन नहीं कर सकते तो इनको वहां बैठा दो आप यहां बैठ जाओ। जनसुनाई मतलब मजाक पैसा बांट दिये तो सबको खरीद लिये। चुनाव टाईप से बना दिये हैं। शासन का पैसा खाते तो ड्युटी करते प्रबंधन का पैसा खा रहे हैं तब ईधर उधर भाग रहें हैं। बोलये अब मेरे पास सबूत है जो बोल रहे थे मेरा स्टाफ दे रहा है करके। ऑनरिकॉर्ड बोलिये। मैं सहमत हूं बोलिये दोनो सर बोलिये। या तो आप क्लियर नहीं हैं या तो मैं क्लियर नहीं हूं दो चीज हो सकता है। प्रबंधन अनुपस्थित था न। कि 657 लोग यहां आकर मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज चल रही थी जो कि चिराईपानी में स्थित है और ये अधिकारी बिना प्रबंधन के उपस्थिति के जनसुनवाई करा रहे थे। ऑनरिकार्ड है मेरे पास कल न्यूज में चलाऊंगा फिर देखता हूं क्या होता है। यहा 73वां संविधान संशोधन 1992 के तहत् पंचायतराज व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्र में लागू है और छत्तीसगढ़ का रायगढ़ जिला है जो संविधान की पॉचवी अनुसूचि में शामिल है। इसके अंतर्गत जिला रायगढ़ का ग्राम चिराईपानी और पाली दोनों में प्लांट स्थापित है। और दोनो ग्राम अनुसूचि क्षेत्र में आता है और जहां पर अधिनियम 1986 लागू है यहां ग्रामसभा सर्वोपरी है। मेरे साथ 12 पंच विरोध किये है 10 कि.मी. एरिया के अतर्गत प्रदूषण की जिम्मेदारी लेते हैं तो ये किससे अनुमति लिये हैं 12 पंच तो मेरे साथ है तो ग्रामसभा में कैसे एन.ओ.सी ले लिये। जब 12 पंच तो मेरे साथ हैं तो सरपंच या उपसचरपंच या किसी दलाल से एन.ओ.सी. ले लिये होंगें। इनको एन.ओ.सी. के बारे में कुछ पता नहीं रहता इनको दलाल किसी तरह पैसे देकर साईन ले लिया है लेकिन ये आज विरोध करने आये हैं इनका लिखित हस्ताक्षर मेरे पास है ये प्लांट के विरोध में है और इललीगल है कि आप जनसुनवाई चिराईपानी से 5.6 किलोमीटर की दूरी पर जनसुनवाई करवा रहे है। मतलब कलेक्टर पूरा खाने वाला है या प्रबंधन पूरा देने वाला है यहा दलाल ज्यादा मिलते है। अगली जो भी जनसुनवाई होगी बंजारी मंदिर में तो ए.डी.एम. सर के जगह कलेक्टर उपस्थित चाहिये। मैं आज सोच लेता हूं कल ज्ञापन देता हूं 24 घंटे तो पर्याप्त हैं सोचने के लिये जब कलेक्टर की जगह ए.डी.एम. जवाब नहीं दे सकते तो कलेक्टर की जगह इनको पीठासीन अधिकारी बनाने का क्या मतलब है कि कलेक्टर से ज्यादा आपा लोगों को ऑफर मिलता है। आपको कलेक्टर को बोलना चाहिये जनसुनवाई आपका अधिकार है पेशा एक्ट का जो पालन है उसका कोई मतलब नहीं है, पंच पॉवर का कोई मतलब नहीं है बस दलालों का मतलब है। दलालों को दे दो पैसा हो गया जनसुनवाई सभी दलालों को भी चुनौती दे रहा हूं अगली बार जनसुनवाई में आउंगा तो दलालों के नाम समेत कितने में बिके है रकम सहित लिखकर आउंगा। ग्राम पंचायत का नियम अभी ये अन्य ग्राम पंचायत को निःशुल्क परामर्श देते हैं जहां जनसुनवाई होना रहता है। बस एक शर्त है जिस क्षेत्र का जनसुनवाई होना है उसके प्रबंधन को अपना साईड लाना है फिर हो जायेगा सब व्यवस्था मीटिंग, खाना हो जायेगा फिर अधिकारी भी आ जायेंगे। जनसुनवाई को मजाक बनाकर रखें हैं। जब आप लिखित में कुछ दे

नहीं सकते तो अपको यहां बैठने का अधिकार है नहीं। प्रबंधन के बिना यहां जनसुनवाई करवा दिये। 657 लोग यहां समर्थन विरोध बोलकर गये क्या प्रबंधन उनको सुना है जहां तक मेरा सोच है अनुसुचित क्षेत्र में राष्ट्रपति से बढ़कर ग्रामसभा का दायित्व है या तो यहां ग्रामपंचायत का कोई महत्व नहीं है या ग्रामपंचायत को ये समझ नहीं है किसके लिये एन.ओ.सी. देना है किसके लिये नहीं बस आ गये प्रबंधन के प्रतिनिधि दे दिये इनको पैसा, फिर ये दे देते हैं एन.ओ.सी. ये खाते रहें पैसा और बाकी जनता मरते रहे। जनसुवाई को ये रायगढ़ प्रशासन बर्बाद कर रहे हैं। अगर ये जनसुनवाई लीगल तरीके से होता तो यहां लोकल मीडिया स्टेट मीडिया सभी उपस्थित होते लेकिन मीडिया आयेगी नहीं उनके उपर अधिकारी तक पैसे पहुंच गये हैं उनका जेब भी फूल है। मैं प्रुफ कर दूंगा कि ये जनसुनवाई इललीगल तरीके से हो रहा है यहां बैठने का अधिकार कलेक्टर को है, गलती मेरी ही है जो इस जनसुनवाई में आया, अपनी बात रखा, चिल्ला चिल्लाकर अपना गला बैठाया। मैं इस जनसुनवाई का घोर विरोध करता हूं। धन्यवाद

644. लक्ष्मीकांत दुबे, रायगढ़ – इस लोक जनसुनवाई जो केवल नाटक के तौर पर चल रहा है उसका पुरजोर विरोध करता हूं और सर्वप्रथम जितने प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी जो यहां पर जनता की सुनने आये हैं। सर्वप्रथम हाथ जोड़कर उनसे निवेदन करूंगा आग्रह करूंगा कि बंजारी मंदिर के पीछे में बंजारी माता के पीछे में आप गलत काम कर रहे है। आप भगवान को छूकर हाथ जोड़कर ये बोलिए कि आप उद्योग से पैसा नहीं लिए है ना ही किसी के राजनैतिक दबाव में हैं। क्योंकि कोर्ट में भी आजकल गीता में हाथ रखकर कसम दिलाया जाता है। पहले कसम खाइये फिर जनसुनवाई आगे बढ़ेगा। हम लोग छत्तीसगढ़ के गरीब आदमी हैं। अधिकांश जनता यहां पर पढ़ी–लिखी नहीं है। बस यह कह रहे हैं कि विरोध कर रहा हूं समर्थन कर रहा हूं। अगर समर्थन कर रहें है तो बताईये कि क्यों समर्थन कर रहे है। आप लोंगो से मेरा निवेदन है कि आप मेरे साथ चलें और कसम खाये और बोले प्रबंधन से पैसा नहीं लिये कोई प्रशासनिक दबाव में है क्या ये भी बतायें। उसके बाद हम लोग अपनी बात रखेंगे। ये बड़ा दुर्भाग्य है हमारा इस देश का आप खुद न्युज और सोसल मिडिया में पढ़ते होंगे यहां जो भी पुलिस वाले है वो अपनी ड्युटी कर रहे है। मैं उनका विरोध नहीं करता उनका सम्मान करता हूं जितने भी वर्दी वाले हैं। लेकिन इन सबको आप यहां पर लाकर लगा देते हो। वहीं दूसरी ओर कहीं दुर्घटना होता है अपराध होता है वहां पुलिस 3 घण्टे में नहीं पहुच पाता है। इसमें गलती पुलिस की नहीं है सर गलती आपकी है। आप इनकी ड्युटी यहां लगा देते हो। आपको पता है सर बड़े–बड़े नेता लोग इसी चक्कर में आज तक पता नहीं चला और ईमानदार लोग आत्महत्या कर लेते हैं। सर कई लोग यहां छत्तीसगढ़ी वाले भी है तो मैं चाहता हूं कि जो भी आप लोगो का प्रशासनिक स्तर पर हो जो विधिक सहायता प्रदान करें हमें यह बताये कि हम विधिक रूप से क्या कर सकते है। चूंकि मैं लॉ का स्टूड़ेट नहीं हूं ना ही मैं एल.एल.बी. किया हूं। तो मैं चाहता हूं कि हमें विधिक सहायता प्रदान किया जाये । तो यहां पर जिला विधिक की भी टीम बैठाये जाये जो हमें निःशुल्क

जानकारी उपलब्ध कराये और मैं आगे की प्रक्रिया पूरी करूं अन्यथा इस जनसुनवाई को यहीं निरस्त कर दिया जाये। सर विनम्र निवेदन है आप लोग मां बंजारी मंदिर से टीका लगा के आयें। यहां की व्यवस्था बहुत खराब है। मैं सोशल मीडिया के माध्यम से देख रहा था कलेक्टर साहब को ज्ञापन भी दिये हैं उसके बाद भी जनसुनवाई हो रहा है सर। इससे पहले जनसुनवाई हुआ 1 बजे 2 बजे बंद कर देते थे। दुकान थोड़ी है सर सबको सुनिये आप। सर समय बता दें कब चलेंगे मंदिर। हम आश्वस्त तो हो आप लपोग जो न्याय करने आये हैं वो सही है सर। यह जो जनसुनवाई इसके बारे में कितने गांव में पामप्लेट बटावायें हैं। समर्थन विरोध के फायदा के बारें में लोगों को बताने के लिये कितना कार्यक्रम हुआ है इसके बारे में जानकारी दे दीजिये सर। कितने लोग को पता है आज जनसुनवाई है। सर किसी भी जनप्रतिनिधियों को आप लोग सूचित ही नहीं किये हो कोई विधायक, शासक नहीं है कोई सरपंच नहीं है आप लोग जनसुनवाई कर दे रहे हैं सर। जनप्रतिनिधियों को भी तो बुलाईयें सर ससम्मान। खाली माला पहनाने के लिये बुलायेंगे क्या, जनसुनवाई है आप लोग सादर आमंत्रित हैं करके बुलाईये सर उनको। कल जिला कलेक्टर महोदय एवं प्रवण अधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें उल्लेख किया गया है कि ये पर्यावरण विधि वर्ष 2006 के मापदण्ड के विपरीत होने के कारण अवैध है। दूसरा लिखा है कि पर्यावरण अधिनियम 2006 के तहत कोई संयंत्र के स्थापना के पूर्व जनसुनवाई के लिए 10 किमी की परिधि में आने वाले ग्राम पंचायत नगर परिषद को ई.आई.ए. रिपोर्ट अवलोकन हेतू जिला प्रशासन द्वारा मुहया कराना अनिवार्य है। जिसका पालन नहीं किया जाने पर नगर निगम रायगढ़ को जानकारी उपलब्ध नहीं कराना अवैध है।

645. मधुसुदन यादव, चिराईपानी – मै इस जनसुनवाई और वैजरॉन प्लांट का पुरजोर विरोध करता हूँ। क्योकि सबको यहां पता है यहां कुछ होने जाने वाला नहीं चाहे जितना भी विरोध कर लो इसलिये लोग लिझड़ हो गये हैं। समर्थन कर रहे हैं कुछ होना तो है नहीं। इनका कोई रिस्पॉन्सिबिलिटी नहीं है कोई भी प्लांट का न इम्प्लॉयमेंट का है, न पर्यावरण, न जल का है। सब बेकार है कोई कुछ काम का नहीं है जैसे जिस प्रकार छोटे हाथी घोड़े को रस्सी से बांध दिया जाता है तो बड़ा होकर उसका रस्सी को तोड़ने का साहस खत्म हो जाता है उसी प्रकार यहां के जितने रहवासी हैं साहस खत्म हो गया है। सबको पता है कुछ होने जाने वाला नहीं है तो समर्थन क़रो। मै इसका पुरजोर विरोध करता हूं। भारत मात की जय।

646. – मै विरोध में आया हू ना कि समर्थन में। अगर विरोध करना है तो संवैधानिक तरीके से विरोध करें। पुलिस प्रशासन के लोग भी यह बात बोल रहे हैं आप संवैधानिक तरीके से विरोध या समर्थन करें। मैं यह कहना चाहूंगा कि यह जनसुनवाई जो कराई जा रही है वो गैरकानूनी और गैरसंवैधानिक है। क्योंकि कंपनी का जो प्रस्तावित क्षेत्र है और ये जनसुनवाई हो रही है। भारत के संविधान अनुच्छेद 244 एक जहां पांचवी अनुसूचि क्षेत्र है इस अनुसूचि में इस क्षेत्र के लोगों को स्वशासन का अधिकार संविधान ने दे रखा है। साथी

ही बताना चाहूंगा कि यहां बेसक कानून लागू है। इस देश के उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसल में कहा की अनुसूचित क्षेत्र में सरकार भी एक नागरिक के बराबर है। और हम पूछते है आप गैरसंवैधानिक तरीके से ये जनसुनवाई उस क्षेत्र में क्यो करा रहें हैं। जहां पर पर्यावरण की समस्या से उस क्षेत्र के लोग जुझ रहे है। और उस क्षेत्र में उद्योग लगवा रहे हो जहां प्रदूषण अपने चरम सीमा को लांघ गया है। इस क्षेत्र में क्यों उद्योग लगा रहे हो जब एन.जी.टी. ने यह कह दिया है कि रायगढ़ जिला नये उद्योग एवं उद्योग विस्तार करने की स्थिति में नहीं है। आप जवाब में देते है कि हम पर्यावरण मंत्रालय के आदेश का पालन कर रहे हैं सर मैं यह कहना चाहता हूं कि जिस संविधान की शपथ खाकर शासन एवं पर्यावरण मंत्रालय में बैठे हुये लोग संविधान के पालन कराने का हमको आश्वासन देते हैं। और वही गैर संवैधानिक तरीके से आपको आदेश कर दिये कि जाईये वहां उद्योग के विस्तार के लिये जनसुनवाई कीजिये। एक तरफ आपने भी आपने भी संविधान पालन करने की शपथ ले रखी है कि हम संविधान का पालन करेंगे। मैं ये कहना चाहता हूं देश की उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसल में यह कह दिया कि सरकार भी देश के एक नागरिक के बराबर है अनुसूचित क्षेत्र में और वो नागरिक ने आपको आदेश दिया जनसुनवाई कराने का और हम भी नागरिक ही हैं इस देश और इस क्षेत्र के। हम संवैधानिक तरीके से विरोध करने के लिये आये तो मेरा सवाल पूरी जनता के तरह से यह गैरकानूनी औरक गैरसंवैधानिक जनसुनवाई क्यों, क्यो ना इस जनसुनवाई को निरस्त किया जाये। और इसलिये सर केन्द्रीय वन पर्यावरण मंत्रालय की अधिसूचना है 14 सितम्बर कि कोई कंपनी आवेदन जमा होने के 45 दिवस अंदर जनसुनवाई होना चाहिए लेकिन ये तो उस समयसीमा को भी लांघ गया है। तो क्या ये गैरकानूनी नहीं है आप एन.जी.टी. कि आदेश की अवहेलना क्यों कर रहें हैं संवैधानिक पद पर आप एन.जी.टी. कि आदेश की अवहेलना कर रहें हैं। इस देश की संविधान का अवहेलना कर रहे हैं और उल्लंघन कर रहे हैं। एस.आई.ए. रिपोर्ट जब बनाया इन्होने यहां पर ग्रामीण लोग आये हैं बताईये भाईयों ग्राम सभा की सहमति ली गई क्या, यहां कि सामाजिक, आर्थिक स्थिति के बारे में पूछी गई आपसे, क्या यह जनसुनवाई कराने से पहले ग्राम सभा की सहमति ली गई नहीं ली गई। सर फिर कहूंगा देश के उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसल में कहा कि अनुसूचित क्षेत्र मे ग्रामसभा सर्वोपरि है और उनके 08.07.2013 के फैसले में ये कहता है। सर एक तरफ देश का उच्चतम न्यायालय इस अनुसूचित क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिये सारा अधिकार देता है आप उस अधिकारों का हनन करते हैं सरकार भी उस संविधान में आपको जनसुनवाई कराने का आदेश देता है तो दा लाईन यही कहना चाहूंगा जब सरकार ही है अत्याचारी तो क्या करेगा पर्यावरण अधिकार या पीठासीन अधिकारी। सर मैं कहना चाहूंगा कि एस.आई.ए रिपोर्ट बनाने के पहले आपके सामने ये बात बताई जाये कि इनकी सहमति नहीं ली गई इनकी गैरउपस्थिति में ये जो ई.आई.ए. रिपोर्ट बना है मैने इसका अध्ययन किया है ये बेसकॉपी रिपोर्ट के तहत् हर जनसुनवाई पुरी की जार रही है तो क्या यह गैरकानूनी या गैरसंवैधानिक नहीं

है। तो क्यो न इस जनसुनवाई को यही पर इसको स्थगित कर निरस्त कर दिया जाये। सर मैं आगे यह बताना चाहूंगा कि इस कंपनी मेसर्स वैजरॉन प्रा. लि. से लेकर आज तक अपनी जो मानक है उसको पूरा करने में भी असफल रहा है। यहां कि प्रदूषण से आप रूबरू है। हर जनसुनवाई में सारी बातें रखी गई सारी जनता परेशान है रोड प्रदूषण से यहां की क्षेत्र की समस्या से मेरे से पहले वक्ता राजेश भैया ने सारी बातों को आपके सामने रख दिया है। सिलकोसिस बीमारी से यहां के लोग ग्रसित हैं, केंसर, दमा, खांसी जैसे बीमारियो से, लगातार यहां के लोग चर्मरोग से ग्रसित हैं तो क्या जनजीवन से खिलवाड़ नहीं हो रहा है उसके बावजूद भी इस उद्योग विस्तार के लिये यह जनसुनवाई कराया जाना मेरे हिसाब से गैर कानूनी और गैरसंवैधानिक होगा। और जनजीवन के खिलाफ होगा। फिर कहना चाहूंगा सर इस जनसुनवाई को यही निरस्त कर दिया जाये। आगे कहना चाहूंगा आप ऐसे वक्त पर जनसुनवाई करवा रहें जब पूरा विश्व पर्यावरण असंतुलन के कारण चिंता के विषय में घिरा हुआ है। आने वाली पीढ़ी कैसे रहेगी और ऐसे वक्त पर जहां कोरोन जैसे महामारी से पूरा देश जूझ राहा है और जहां पर्यावरण की समस्या है वहां पर कोरोना की मार सबसे ज्यादा झेले हैं ऐसे समय मे जनसुनवाई कराया जाना उचित नहीं है। ऐसे समय में उद्योग का विस्तार किया जाना उचित नहीं होगा। सर हम विकास के ऐसे अंधाधुंध दौड़ में हैं औद्योगिकरण के ऐसे दौरा में जी रहे हैं जहां पर विकास के नाम पर अनेक उद्योग लगाये जा रहे हैं और विस्तार किया जा रहा है लेकिन विकास हो नहीं रहा है। क्या इस क्षेत्र के लोगों का सामाजिक विकास हो गया, क्या इस क्षेत्र के लोगों का आर्थिक विकास हो गया, क्या इस क्षेत्र के लोगों का शैक्षिण विकास हो गया। सर हम अध्ययन करते हैं और पाते हैं यहां पर किसी भी प्रकार का कोई विकास नहीं हुआ है।

647. कैलाश बेहरा, तराईमाल – पहली बात तो सर जो सुभम भैया मांग रहे है उसे लिखित में दे, फिर आगे बड़ेंगें। ये बताईये सर आप काहे लिखित में नहीं दे पा रहे हैं। पहली बात तो ये सर जबसे मैं पैदा हुआ हूं सिर्फ बंजारी मंदिर में ही क्यों जनसुनवाई होती है। चिराईपानी के आस–पास आपको खाली जगह नहीं मिलता है क्या जो बंजारी मंदिर में ही जन सुनवाई क्यो कराया जाता है। मेरे साथ चलिए मैं आपको दिखाता हूं खाली जगह और जब मेरे साथ 12 जनपद पंचायत सदस्य है। तो कैसे प्रस्तावित हो गया प्लांट से ग्राम सभा से। कोरोनाकाल में भी बंजारी मंदिर को जनसुनवाई का गढ़ बना के रखे हो सर। माँ बंजारी मंदिर का नाम चेंज कराकर इसका नाम जनसुनवाईधाम रख दिया जाये और यहां एक भवन बना दिया जाये जिसमें पैसे का लेन देन होगा खाली। वैजरॉन आयेगा दलाल आयेंगे सारे प्रशासनिक अधिकारी आयेंगे दो लाख चार लाख में बात होगा। आप लिखित में दो सर उसके बाद बाकी बात होगा। वरना कोई नहीं आयेगा सभी बैठे रहेंगे। आपका ई.आई.ए. रिपोर्ट मेरे पास है सर। आपका कुल क्षेत्रफल–15.327 हेक्टेयर याने कि 37.87 एकड़ के जमीन में ग्रीन फिल्ड स्टील प्लाट स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें स्पंज आयरन क्षमता–72,700 टन प्रतिवर्ष, इण्डक्शन फर्नेस 1,98,000 टन प्रतिवर्ष, रोलिंग मिल– 1,92,000 टन

प्रतिवर्ष 5 मेगावाट डब्लयु.एच.आर.बी. आधारित और 15 मेगावॉट एफ.बी.बी. शामिल है। बहुत बढ़िया है सर आपका प्लांट। लेकिन इसमें एक बात मुझे पता नहीं है आप इसमें अपने रिपोर्ट में लिखे हो जो विस्तार हो रहा हैं वो कृषि भूमि है। उसको आप उद्योग में परिवर्तित कर दोगे वहां का खेती गया और साथ साथ उसके आस पास के एयिा भी प्रभावित होंगे। वैसे भी अपने रायगढ़ एरिया में लाखा एरिया में, चिराईपानी एरिया में, तराईमाल एरिया में कितना जमीन बचा है खेती लायक। और लाके खतम कर दो सबको हमारे बड़े बुजुर्गों से पापा से दादा से पता चलता है तराईमाल में लौकी की खेती बहुत होती थी मगर रायगढ़ जिले यहां कि सब्जी जाती थी न तो यहां के नाम से बिकती थी कि तराईमाल की सब्जी है अभी क्या सबजी उगता है चलो दिखाता हूं मैं आपको कुछ नहीं। खाली डस्ट खा रहे हैं और कुछ नहीं। आपके प्लांट के 10 कि.मी. के भीतर बस्तियां 3.8 प्रतिशत, हैं और औद्योगिक क्षेत्र 8.2 प्रतिशत, नदियां तालाब जलाशय 60.3 प्रतिशत, जंगल 41.4 प्रतिशत, एक फसली भूमि 19.4 प्रतिशत, द्विफसलीय भूमि 5.4 प्रतिशत, बिना झाड़ के भूमि 2.2 प्रतिशत और खरन क्षेत्र 1.1 प्रतिशत राक तालाब 0.4 प्रतिशत है। जब प्रतिशत निकालते हैं तो 100 प्रतिशत से निकालते हैं तो योग करने पर आपका 89.2 प्रतिशत कैसे आया। 10 प्रतिशत का रिपोर्ट काहे नहीं है आपके रिपोर्ट में बताईये। आपके इस प्लांट में 655 के.एल.डी जल का प्रतिदिन उपयोग होगा। इतना ज्यादा जल जिसमें डी.आई.ए. भट्टियां 50 के.एल.डी. इंडक्शन फर्नेस 72 के. एल.डी., रोलिंग मिल 115 के.एल.डी, कोल गैसीफायर 10 के.एल.डी., पॉवर प्लांट 400 के.एल.डी. और घरेलू उपयोग में 10 के.एल.डी. होगा। आप से सब का योग करो सर 657 के.एल.डी. यूज होता है। आप 655 लिखे हैं। आप ई.आई.ए. रिपोर्ट को फोटोकापी बना के रखे हो हर प्लांट में खाली उसी को छाप दो। ग्रामीण तो बेवकुफ है थोड़ी पढ़ते हैं ये सब। इसके बाद एन.आर.वी.एस. और शांभवी इस्पात का भी जनसुनवाई है इतना भारी मात्रा में वो लोग जल का उपयोग कर रहे हैं। पहले खेती बर्बाद कर चुके है, जो बचा पानी है उसे भी समाप्त कर दो। आदमी प्यासा मर जाये यहां पर यही चाहते हो क्या। 163 के. एल.डी. आपका पानी दूषित होगा आप तरह तरह के उपाय बताये होंगे ये करेंगे वो करेंगे। ये बताओ सर जब सिंघल का पानी निकलता है तो पीछे वाला नाला काला कैसे हो जाता है। इसके प्लांट से भी नदी नाला काला होगा। आपके प्लांट में जो कच्चा माल आयेगा और ठोस अपशिष्ट होग जैसे डी.आई.आर, स्लैग, बाई स्क्रबर स्लैग, एस.एम.एस. स्लैग, प्लांट की राख ढके हुय ट्रको कें माध्यम से आयेंगे, सीमेंट निमार्ण विक्रेताओं को दे दिये जायेंगे। बहुत बढ़िया। एक बात बताओं सर जो बिना ढके ट्रक आते हैं वो कहा से आते हैं बताईये रोड के साईड में जो डस्ट बैठा है वो तो हम लोग बिछा देते है न हमारे गांव से निकलता है न। मैं खाली वैजरॉन प्लांट की बात नहीं कर रहा हूं मैं सिंघल, एन.आ.वी.एस. मै आस पास के सारे प्लांट की बात कर रहा हू। ये रवैया है आपका पर्यावरण के प्रति आज के दिन में आदमी 20–25 जी गया तो बहुत है यहां। हर प्लांट जब लगता है तरह तरह के प्रलोभन देते है कि रोजगार देंगे पर्यावरण का

ध्यान रखेंगे और कुछ नहीं होता आपकी इस प्रदूषण के कारण भालु, हाथी थे और दुनिया भर के जीव जन्तु थे। प्रदुषण के कारण सब विलुप्त हो गये। मैं वनस्पति विज्ञान का छात्र हूं कितने सारे वनस्पति यहां से लुप्त हो गये यहां से पता नहीं होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा बोलते है कुछ सुधा नहीं होगा। खाली प्लांट के आर्थिक स्थिति में सुधार होगा वहीं पैसा छापेंगे। आदमी व क्षेत्रवासी सिर्फ पेरशान होंगे। आप बोलते हो चिकित्सा के क्षेत्र में सुधार होगा रिपोर्ट में लिखे हो आप। प्लांट खुल 20 साल से ज्यादा हो गया 02 दशक हो गया एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं खुला है। कैसे होगा विकास आप बोलते हो स्थानीय बेरोजगार को रोजगार देंगे। 10 प्रतिशत् स्थानिय लोगो को रोजगार दे देंगे तो मान जाऊंगा नहीं अभी दिखा दो। मैं प्लांट जाता हूं बोलता हूं स्थानिय लोगो को रोजगार दो वो बोलते हैं दिये हैं। मूल निवाशी को रोजगार दीजिये जो यहां 10–15 पहले आकर बसा है उसका राशनकार्ड दिखाते हैं। जिसका जीमन गया है उसको रोजगार दीजिये, जिसका खेती बर्बाद हुआ है उसको रोजगार दीजिये, जिनका खेती गया, जिनका जमीन गया है मैं आपको 7–8 इंजीनियर दिखा देता हूं इन्हे देंगे रोजगार। प्लांट स्थापित कर लिया ठीक है, प्लांट स्थापित करने के बाद सबसे बड़ा मुद्दा होत है सेफ्टि का मैं गया था आपके वैजरॉन प्लांट में आपका सैक्युरिटि गार्ड चप्पल पहन के गेट खोलता है। सेफ्टि जूता तक नही दे पाये। जो शोर में काम करेगा उसको एयर फ्लग देंगे। जब आपका सेक्युरिटी इंचार्ज चप्पल पहन के गेट खोलता है। नाम बोलूंगा मैं उसका और उसका फोन नंबर सहित दे दूंगा। आप पूछ लेना। शोर में काम करेगा उसको एयर फ्लग देंगे। जो ऊंचाई में काम करेगा उसको सेफ्टि बेल्ट देंगे। न हेलमेट देंगे न जूता देंगे खाली पैसा बचाने के लिये। हमको काम मे लगा लो, हम भेड़ बकरी हैं, तो मर जायेंगे। कुछ साल पहले सिंघल इंडस्ट्री में हुआ था घटना जिसमें 18 साल का लड़का सेफ्टि के कारण मर गया। ऊपर काम कर रहा था सेफ्टि बेल्ट नहीं था बेचारा गिर गया मर गया। बहुत छोटा सा रकम देकर उसको सुलटा दिये गरीब आदमी था बेचारा क्या करे। वैसे होगा आपके यहां भी अभी कुछ दिन पहले हमने ज्ञापन दिया था विद्यार्थी परीक्षा के नाम से एस.डी.एम. साहब के पास ज्ञापन देने के 2–3 देने के बाद सिंघल इंडस्ट्रीक के फर्नेस में घटना हो गया। ऑनरिकॉर्ड बोल रहा हूं। उसका पैर शरीर जल गया था। वो बोल रहा था ने जूता, हेलमेट, न सेफ्टि बेल्ट दिया जाता है। क्या उसको जूता, हेलमेट दिया जात तो घटना होता अगर होता भी तो थोड़ा बच जाता वो। सभी प्लांट बोलते हैं प्रदूषण का ख्याल रखेंगे। ये जो सड़क के किनारे में डस्ट लगा है उसको हम लोग लगाते हैं, हमारे घर से निकलते हैं। अगर सभी सड़को का ध्यान रखते हैं तो रायगढ़ से यहां आते तक आपके कमर क्यो टूट जाते हैं। आप वैजरॉन देखे हो चलकर देखो तो बाईक में कैसा लगात है। मेनरोड से 3–4 कि.मी अंदर है वो प्लांट और इतना गड्ढा की बाईक से जाकर दिखाना आप। इन सभी कारणों के कारण मैं वैजरॉन प्लांट का पूर्ण रूप से विरोध करता हूं। भारत माता की जय।

648. भुपेन्द्र मालाकार, तराईमाल – मै पूर्ण रूप से विरोध करता हूं। क्यों विरोध करता हूं कल क्यो पानी छिड़काव नहीं गया रोड में आज क्यो छिड़कावा गया रोड में। कोराना वेक्सिन लगाया गया तो पंचिग कराते हैं जनसुनवाई का पंचिंग क्यो नहीं कराते आप लोग। सोसायटी जाता हूं तेा पंचिंग कराते हैं आधार कार्ड से लिंक कराते हैं इसका आधार कार्ड से क्यो नहीं लिंक करा रहे आप लोग। जवाब दो मुझो इसका लिंक किजिये ये कहा का आदमी है। कोई बिहार आ गया मैं समर्थन करता हूं कोई बात थोड़ी है। ये क्या जनसुनवाई हो रहा है। राशनकार्ड एवं कोरोना के वैक्सीन में पंचिंग कराते हो। आज जनसुनवाई को आधार कार्ड से क्यो नहीं लिंक करा रहे हो। इसको आधार कार्ड से करावान चाहिये कि नहीं करावाना चाहिये बताईये आप लोग। लाखा है गेरवानी है खाली बंजारी धाम बस। पूर्ण रूप से प्लांट का विरोध करता हूं मैं।

649. सुकमती, गेरवानी –

650. सुरज कुमारी, गेरवानी –

651. फुलकुंवर, गेरवानी –

652. दिलमोती, गेरवानी –

653. त्रिलोचन, सराईपाली – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

654. भुपेन्द्र, लाला – विरोध है।

655. राजेश, सराईपाली – सबसे पहले पूरजोर विरोध है, क्योंकि विकास के नाम पर इस क्षेत्र कंपनिया बैठाई जा रही है। वो हमारे इस क्षेत्र के निवासियों के लिये मौत का सामान परोसा जा रहा है। हमारे क्षेत्र में रोड की स्थिति की बात करें तो रायगढ़ से मिलुपारा धरजयगढ़ तक कोई शासकीय आदमी हो या काई भी हो वे अपने बच्चो के साथ निकल कर दिखाये और उस रोड पर मोटर सायकल से चले और शाम तक जिंदा बचकर आ जाये तो अच्छी बात है। आप उस रोड पर एक बार आकर देखिये अपने जान का जोखिम में डालकर देखिये हम अपने क्षेत्र में कैस जी रहे हैं उसको एक बार महसूस करके देखिये फिर आपको पता चलेगा क्यो विकास नहीं चाहिए हनकों। विकास के लिये जो इस प्रकार का अंधाधुंधी किया जा रहा है वो गलत है। आज ये जो ई.आई.ए. में 44 दिन के अन्दर जन सुनवाई होना रहता है लेकिन इस जनसुनवाई में मैं जैस सराईपाली का हूं ई.आई.ए. और एस.आई.ए. रिपोर्ट के लिये हमारे गांव में प्रशासन एवं कंपनी द्वारा किसी प्रकार की सूचना नहीं दी गई है। कि हमारे स्वास्थ्य पर कैसी स्थिति होगी हमारे पर्यावरण पर कैस परिस्थिति होगी इस सब की जिम्मेदारी किसकी है। अगर ई.आई.ए. रिपोर्ट बनाते है तो आके देखिये हमारे गांव मे क्या स्थिति है। अगर आये है तो किसी भी एक से जानकारी लिये होंगो चौकीदार से जानकारी दस्तखत लिये सरपंच, पंच किसी भी व्यक्ति का साईन दिखाईये है कि आप हमारे गांव में आये हैं प्रमाण दिखाईये थे और ई.आई.ए. रिपोर्ट सही तरीके से बना है। सर बता रहे थे अगर ये लीगल है तो ये बताईये कि हमारा क्षेत्र पेशा कानून के क्षेत्र में आता है। और पेशा कानून क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण बात है

कि ग्रामसभा की अनुमति होनी चाहिये। और ग्राम सभा प्रस्ताव की रजिस्टर का कॉपी आप हमको दिखाईये कि किसी डेट पर ग्राम पंचायत हुआ है और किसी पर कंपनी को समर्थन मिला है। दवाई की दुकान की बात करें तो इस बात से पता लगा सकते है कि इस क्षेत्र में जो दवाई की दुकान है उसकी संख्या इजाफा हुआ है। दवाई दुकान एक दो थे आज प्रत्येक गांव में 8.10 हो रहे है। और इस दवाई दुकान में लगातार दवाईयां बिक रहीं हैं इससे आप अनुमान लगा सकते हैं हमारा क्षेत्र कितना बीमार होता जा रहा है। इसका सारा दारोमदार आपके ऊपर जिला प्रशासन के ऊपर हेाता है कि आप उसको क्यो नहीं रोक रहे हैं आपका फर्ज बनता है संवैधानिक अधिकार हमारा संवैधानिक अधिकार ये है। आर्टिकल 21 में साफ साफ लिखा है कि हमें जीने का अधिकार दिया जाये। लेकिन इस रोड पर हम निकलते हैं तो हमारे जीने के अधिकार का हनन होता है। घर में सोते है हमारे जीने के अधिकार का हनन होता है क्योंकि हम डस्ट पॉलुलेशन को ले रहे हैं। मेरा गांव सिलिकोसिस पीड़ित गांव है जहां दर्जनों के संख्या में महिला,पुरूष, आदिवासी महिलाऐंह पुरूष है उनका जान गया है। जिसके संघर्ष के लिये लगातार हम लोग पिछले 08 से 10 सालों से प्रयास कर रहे है फिर आज तक हम लोग को किसी भी प्रकार का कोई लाभ नहीं हो रहा हे। फिर भी लोग मर रहे हैं जिसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। मै प्रसाशन से विनीती करता हूं कि आप उसकी जानकारी लें। अभी एक महिला का सिलकोसिस जांच होना था उसको रायपुर में 05 बार बुलाया गया 15 दिन से अधि वहां पर रखा गया लेकिन अभी तक उसका जांच नहीं हुआ है। पर्यावरण विभाग अगर ध्यान देती तो शायद इस प्रकार का नहीं होता। हमारा जो क्षेत्र है यहां ई.एस.पी. की बात करें तो किसी भी कंपनी के द्वारा ई. एस.पी. नहीं चालाई जाती है। एन.आर.वी.एस. कंपनी है आगामी जनसुनवाई जिसकी है तो वो भी ई.एस.पी. नहीं चलाती है। इस क्षेत्र में जितनी भी कंपनी है वो ई.एस.पी. नहीं चलाती है। आज सुबह मैं घर से निकला रूपानाधाम की कंपनी को देखा लगातार वहां से पॉलुशन निकल रहा है। अभी रास्ते में आ रहा था तो एक्सीडेंट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस प्रकार की स्थिति है पिछले मार्च से अभी तक बात करें तो 350 लोगों से अधिक लोगों का एक्सीडेंट इस क्षेत्र में हुआ है उसमें से मैं भी एक हूं। मेरा भी एक्सीडेंट हुआ है। मैं पिछले चार माह से बेड रेस्ट पर था। लेकिन आज इस कंपनी के वजह से मैं यहां बोलने के लिये आया हूं। इन सब चीजों को देखते हुय मैं इस कंपनी का पूर्ण रूप से विरोध करता हूं इसी कंपनी का नहीं इस क्षेत्र में जिस प्रकार से औद्योगिकरण हो रहा है उसका भी विरोध कर रहा हूं साथ ही मै प्रशासन का विरोध कर रहा हूं कि वे जिस तरह से लगातार इस क्षेत्र में कंपनियां बैठना के लिये षड्यंत्र रच रहे हैं इन सब चीजों का मैं विरोध करता हूं। धन्यवाद।

656. सत्य नारायण चौहान, पंच, तराईमाल – कंपनी विरोध करता हूं।

657. गणेशराम, तराईमाल – कंपनी विरोध करता हूं।

658. प्रभु, घरघोड़ा – कंपनी विरोध करता हूं।

659. शिव प्रसाद, तराईमाल – कंपनी विरोध करता हूं।

660. गुलाब सिंह, घरघोड़ा – कंपनी विरोध करता हूं।

661. अभिमन्यु, घरघोड़ा – कंपनी विरोध करता हूं।

662. मेनका, तराईमाल, पंच – कंपनी विरोध करती हूं।

663. सुकमति, – कंपनी विरोध करती हूं।

664. प्रभु, तमनार – कंपनी विरोध करता हूं।

665. बिलासो, पंच – कंपनी विरोध करता हूं।

666. उमेश, तमनार – कंपनी विरोध करता हूं।

667. कान्हा, तमनार – कंपनी विरोध करता हूं।

668. सहदेव, तराईमाल , पंच – कंपनी विरोध करता हूं।

669. चमार, तराईमाल पंच – कंपनी विरोध करता हूं।

670. रूपेश, तमनार – कंपनी विरोध करता हूं।

671. ननदेव, तराईमाल – कंपनी विरोध करता हूं।

672. पप्पु, गेरवानी – कंपनी विरोध करता हूं।

673. इंद्र कुमार यादव, गेरवानी – कंपनी विरोध करता हूं।

674. सहमद असांरी – सहमत करता हूं।

675. निलांचल, – कंपनी विरोध करता हूं।

676. ललीत, लाखा– केलो परियोजना के कारण लाखा को एक अलग जगह में बैठा दिया गया है। विरोध।

677. विवके, पूंजीपथरा – समर्थन हैं.

678. प्रकाश कुमार, उज्जलपुर – प्लांट का समर्थन करता हूं। मेरे से पहले आये अपने आपको बताये गांधीवादी मैं उनका आदर करता हूं। मेरे से पहले छोटे भाई आये उन्होने पीठासीन महोदय को दोषी ठहराया। लेकिन उनको मैं एक बात कहना चाहूंगा वर्कर रहेंगे तभी प्लांट चलेगा। धन्यवाद जय छत्तीसगढ़।

679. बाबु – वर्कर रहेगा तभी प्लांट चलेगा। उसका कालोनी है वहां 50 रूम है।

680. टिकेश्वर, घरघोड़ा – विरोध।

681. विनय – विरोध।

682. संजय – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूॅ।

683. मेलारा, – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूॅ।

684. राममदास – मेसर्स वैजरॉन इंडंस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूॅ।

685. रूबल – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूॅ।

686. रतन – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

687. सरज – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

688. सानु – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

689. डमरूधर – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

690. कार्तिकराम – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

691. रमेश – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

692. राजेश – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

693. मिलन, उज्जलपुर – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

694. विनोद कुमार – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

695. सेवकराम, उज्जलपुर – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

696. समीर – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

697. गंगाधर, सराईपाली – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

698. सुरेन्द्र, सराईपाली – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

699. प्रसाद, गौरमुड़ी – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

700. संतोष – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

701. दानीराम, सराईपानी – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

702. संदीप महंत, घरघोड़ा – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

703. अभिनव महंत, घरघोड़ा, – विरोध।

704. इन्द्रजीत, – विरोध।

705. तिलक राम साहू, घरघोड़ा – मैं विरोध करता हूँ। मेरे भैया आपको समझा समझाकर थक गये मैं आपाको प्रेक्टिकल कर के दिखाता हूँ। मैं आपका शुभ नाम जान सकता हूं सर। एस.के.वर्मा एक मिनट स्टेज से नीचे उतर कर आयेंगे मैं आपको प्रेक्टिकल कर के दिखाता हूँ। आप नहीं आयेंगे तो मैं खुद आकर प्रेक्टिकल कर के दिखाता हूँ। मेरी बात तो पूरी नहीं हुई थी लेकिन आप प्रेक्टिकल देख लीजिये कैमरा में हमारे एरिया में इतना प्रदूषण इतना डस्ट इनता डस्ट खा रहे हैं इतना डस्ट में मर रहे हैं। जब कोरोना काल आया था जब ये डस्ट नाक में घुसता हैं तब पता चलता है कितना मटेरियल अंदर जा रहा है। अब इसका ईलाज आप लोग ही सोंच सकते हैं मैं पूरा सबूत के साथ आया हूं। बताये प्रदुषित हो रहा है कि हमारा देश। आप लोग अब विचार करें आम जनता की बात को समझिये ताकि किसी को नुकसान न हो, खेत खलिहान न जले, न पेड़ पौधे नुकसान हों बाकी आपकी मर्जी। धन्यवाद

706. कन्हैयालाल, तुमीडीह – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

707. सूरज दास, चांपा – सर एक बात कहना चाहूंगा। इस जनसभा में भाई बहन आये बहुतों ने विरोध/समर्थन किया। जहां पे अच्छाई होती है वहां बुराई भी होता है। तो मैं ये तो नहीं कहना चाहूंगा कि कोई भी इंडस्ट्री समाज के अधिकार के,हनन के लिये होता है। ये हमारे विकास के लिये है यदि आज हमारे बच्चे पॉलीटेकनिक, इंजीनियरिंग, एन.आई.टी में जा रहे हैं तो वो कहा जायेंगे किस चीज के लिये शिक्षा लेंगे जरा सोचिये जब हमारे पास काई तकनीकी औजार न हो तो उनकी शिक्षा धरा का धरा रह जायेगा। तो आज का जो मुख्य विषय है वो है प्रदूषण वास्तव में संसार की सबसे बड़ी समस्या प्रदूषण है। लेकिन इस प्रदूषण से बचने के लिये हमारे वैज्ञानिको ने एक से एक इक्विपमेंट डेवलप कर लिये हैं जैसे की पॉवर प्लांट में डी.एस.सी. आता था फिर डेग फिल्टर छोने प्लांट में लगाये गये। अभी उसमें ई.एस.पी लगता है। ई.एस.पी. पहले डस्ट निकालता था उस डस्ट को अब लिक्विड कर देते हैं अब उसका ईटा बनाया जाता है ईंटा बनाने के लिये कही का मिट्टी काटा नहीं जाता है, जब हम अच्छे से अच्छा इक्विमेंट लगा लेंगे कंपनियां आयेंगी तभी डेवपलमेंट होगा। आज हम एक बल्ब बनाने की हिम्मत नहीं रखते हैं हम चाइना से खरीदते हैं। यहीं चीज चाईना वाले सोचें कि हम कहा प्रदूषण में पड़ रहे तो कहां जायेंगे क्या करें यदि कोई व्यक्ति दो बल्ब बनाना चाहे तो विरोध से नहीं समर्थन से होता है कि उस चीज को जाने उस चीज को समझे कि अच्छा से अच्छा कर सके ये होता है डेवलपमेंट बाकी आप लोग खुद ही समझदार हैं मैं इस कंपनी का नहीं सभी कंपनी का समर्थन करता हूं लेकिन वातारण हमारा शुद्ध होना चाहिए। वहां के रहवासी उसमें रहते हैं और हमारे बच्चे भी पलते बढ़ते हैं। इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ते हैं उनके शिक्षा का उपयोग इन्ही में होना है न कि नारेबाजी में। धन्यवाद मैं वैजरॉन कंपनी का समर्थन करता हूं।

708. गजानंद कुमार, चिराईपानी – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का पूर्ण रूप से समर्थन करता हूँ। हमारे गांव में हम लोगो को रोजगार मिला इससे बढ़ी उपलब्धि और कुछ नहीं। धन्यवाद।

709. नरेश भेय, तुमीडीह – मेसर्स वैज़रॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

710. दयासागर, तुमीडीह – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

711. संजय, पूंजीपथरा – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

712. रजनीकांत, पूंजीपथरा – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

713. अरूण कुमार, पूंजीपथरा – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

714. छबिलाल प्रधान, पाली – कल तक मुझे पता नहीं था जनसुनवाई है करके लेकिन पता चला जन सुनवाई हो रहा है वो भी पता नहीं था चिराईपानी है कि शांभवी का है लेकिन जहां का भी जनसुनवाई हो हम समर्थन करते है। मेरे गांव से चिराईपानी 03 कि.मी. पड़ता है गांव में जनता रहती है तो उनको आने जाने में असुविधा होती है, स्कूली बच्चे पढ़ने आते हैं तो कई प्रकार से दिक्कतें होती है तो फेक्टी वाले उसका रख रखाव करे ये बात प्रशासन भी जानता है इसके बहुत पहले भी 200 आदमी कलेक्ट्रेड में जाकर

जानकारी दिये थे। इससे पहले भी जो जनसुनवाई हुआ है स्थानिय बच्चों को उनकी योग्यता अनुसार कंपनी वाले काम दें। अनुरोध करता हूं सर डायरी में नोट करें। इस बात के लिये कलेक्टर साहब के पास भी ज्ञापन सौंप सकता हूं ये ही नही मैं अपने लड़के के लिये अपना प्लांट में गया हूं। कहां गया हूं उसको भी नोट करे सर। मेरे गांव के1.5 कि.मी के अंदर प्लांट लगा है तो मेरा कर्तव्य है कि मेरा पढ़ा लिखा लड़का उसमें काम करे इसके लिये मैं आपको जिम्मेदार ठहराता हूं और कलेक्टर साहब को ज्ञापन सौंप सकता हूं और हमारे स्कूली के बच्चे पढ़ने लिखने जाते हैं तो सरपंच को भी रोड में पानी छिड़काव करने के लिये अवगत कराया था फिर पानी का मौसम आया उसमें अपना पहुंच मार्ग बना था तो सलासर कंपनी डामरीकरण करके अपना काम को संतुष्ट रूप से कराया उसके सामने अग्रोहा, एस.एस. स्टील प्लांट है मेरे गांव में उनका भी दायित्व बनता है उस रोड का रख रखाव करें, जनता के हित में काम करें। दूसरी बात यह है कि सर जब जन सुनवाई हो रहा है तो ऐसे जनसुवाई हमको अचंभित लग रहा है ग्राम पंचायत लाखा, देलारी, चिराईपानी हो जुड़ा हुआ है तो इसके लिये कोटवार से मुलाकात करें मुलाकात करना उनका परमकर्तव्य है इस चीज का जानकारी नहीं हुआ है क्यों नहीं हुआ है ये तो मैं नहीं कह सकता। तो मुझे दुख तकलीफ है मैं आपको बता रहा हूं। मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ बाकी प्रशासन उसके खिलाफ मेरी बात को ध्यान मे रखते हुये कार्यवाही करने की कृपा करें। धन्यवाद।

715. प्रशांत – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

716. संजय – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

717. सुरज, तमनार – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

718. गजेन्द्र साहु, तमनार – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।

719. खिरसागर मालाकार, तराईमाल, पंच – जहां तक मेरा संज्ञान है उद्योगी आ रहे हैं मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड चिराईपानी में स्थित है चिराईपानी के लोगों का वक्तव्य सुना उनका कहना था कि स्थानीय कंपनी लोगो को रोजगार दे रही है, अब रोजगार देना है इसको तय करेगी मैनेजमेंट। सर्टिफिकेट इस प्रकार होना चाहिये कि उनको लगे कि इस पद पर रख सकें और आदमी इच्छा करता रहे कि मैं वहां जाकर मैनेजिंग डायरेक्टर ही बनूंगा तो मेरे विचार से एक कंपनी का एक ही मैनेजिंग डायरेक्टर होता है तो जहां तक आई है इंडस्ट्रीज 1956 में अपने अधिवेशन में नेहरू जी ने कहा था देश आजाद हो गया है चार चार बार मैने लालकिले में तिरंगा फहराया पर आज भी मैं संतुष्ट नहीं हूं हमारी मूलभूत आवश्यकतायें है रोटी कपड़ा और मकान। रोटी कपड़ा और मकान क्या मुहैया कराते उस वक्त उनके पास ढंग से अस्त्र सस्त्र नहीं थे बड़ी मुशकिल से आजादी पाये थे उनके पास एक बहुत बड़ी चुनौती थी उन्होने कहा था यहां उद्योग लगे जिससे क्षेत्रीय निवासियों को रोज़गार मिल सके शिक्षा मिल सके शिक्षा और स्वास्थ्य की बात कही थी। 1956 में उन्होनें 6 मूलभूत आवश्यकताओं की बात कही थी ये मूलभूत आवश्यकताऐं आज की डेट की शादी कर दो परिवार चलाने बोल दो तो वह बिखर जायेगा पारिवारिक सपोर्ट नहीं रहेगा तो वैसे

ही स्थिति आज भारत में है 19वीं सदी में इंग्लैण्ड की थी, 20 वी सदी अमेरिका की थी। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा था ये उनका सपना था कि 21 सदीं में भारत की ऐसी स्थिति हो जाये तो भारत की स्थिति ऐसे ही नहीं हो जायेगी वक्तव्यों से उसके लिये हमें उद्योग लगाना पड़ेगा, व्यक्तिगत इनकम सोर्स बनाना पड़ेगा हर आदमी आज अपना स्टैण्डर्ड ऊपर करेगा तभी जाकर 21 शताब्दी भारत की हो सकती है बड़–बड़े सोच से नही बड़े–बड़े काम से हो सकती है। उद्योग जब लगती है दोस्तों तो उसका मालिक निजी स्वार्थ के लिए उद्योग नहीं खोलता। उसमें 200 आदमी काम करते हैं जिससे कम से कम 1000 व्यक्तियों का भरण पोषण होता है। ये कंपनी किसी एक इंसान का ना होकर 8 एकड़ में फैला है जिससे हजारों लोंगो का पेट पल रहा है। तो आज हम कांग्रेस या बी.जे.पी. के बारे में ना सोचकर राष्ट्र के बारे में सोचते है। यदि आज उद्योग नहीं रहता तो एक आदमी दूसरे आदमी को नोचता रहता आज यहां हिंसा बढ़ सकती है। सरकारी नौकरियों को छोड़ दिजिए इस आरक्षण में तो सरकारी नौकरी को भुल ही जाईये। तो बच गई इंडस्ट्रीज जो सरकार की सहयोगी एकाउंट्स के रूप में काम कर रहीं है। जनता का सहयोग किया है न कि उनका उपयोग किया है। आज इंसान कार,सड़क और अच्छे जिंदगी जीने का सपना देख रहा है। तो वो उद्योग की वजह से है। मैं आपको बताना चाहूंगा कि राशन कार्ड की जो 3 व्यक्ति से अधिक सदस्य को प्रति व्यक्ति 5किग्रा चावल दिया जा रहा है वो इन्हीं कंपनियों के टैक्स से दिया जा रहीं है। तो उन्हीं का चावल खाकर उन्हीं का विरोध करना खाली में छेद करने वाली बात हो जायेगी। तो मेरे सम्मानीय विजय गौंटिया कर रहे है बस करो। तो इतना कहकर मैं अपनी वाणी को विराम देता हूं। मैं मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ। धन्यवाद

720. विजय कुमार, गेरवानी – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ। किन्तु ये जो इसकी क्षमता विस्तार के साथ साथ वहां की रोड़ भी वैसी होनी चाहीए जो वैसी नहीं है। कृपया इस ओर ध्यान दें। हमारा जो पर्यावरण है पूरी तरह से प्रदूषित हो चुका है। उसको प्रदूषण मुक्त करते हुए उद्योग का विस्तार करें। मैं वैजरॉन इंडस्ट्रीज का समर्थन करता हूं।
721. छबिलाल, गेरवानी – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।
722. पंचराम मालाकार, तराईमाल – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूं और उनके डाय. से मेरा अनुरोध है कि 10 कि.मी. के रेडियस में हमारें जितने भी ग्राम आता है उनका सी.एस.आर. मद से पैसा बनता है कृपया उनका विकास करें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोड, पानी में ये चारों हमारे महत्वपूर्ण है और मैं उन्हें अवगत कराता हूं या शासन से अनुरोध करता हूं कि हमारे 10 किमी रेडियस के गांव में जितने भी पढ़े–लिखे गरीब व्यक्ति है जो अपने बच्चे को कोई मजदूरी करके कोई किसानी करके पढ़ाये–लिखाये हैं इंजीनियरिंग पढ़ाये है। उनको पद के अनुसार नौकरी में रखा जाए। बस मैं इतना कहकर अपनी वाणी को विराम देता हूं।
723. अक्षय, गेरवानी – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।
724. मुकेश, तमनार – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ।
725. मुकेश अग्रवाल, गेरवानी – मेसर्स वैजरॉन इंडस्ट्रीज प्राईवेट लिमिटेड का समर्थन करता हूँ। साथ ही कंपनी प्रबंधन से निवेदन करता हूं कि वे ईमानदारी से पर्यावरण प्रदूषण के प्रति ध्यान दें।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने कहा कि यदि कोई ग्रामीणजन, आस–पास के प्रभावित लोग अपना पक्ष रखने में छूट गये हो तो मंच के पास आ जाये। जनसुनवाई की प्रक्रिया चल रही है। उन्होने पुनः कहा कि कोई गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधी छूट गये हो तो वो आ जाये। इस जन सुनवाई के दौरान परियोजना के संबंध में बहुत सारे सुझाव, विचार, आपत्ति लिखित एवं मौखिक में आये है जिसके अभिलेखन की कार्यवाही की गई है। इसके बाद 4:15 बजे कंपनी के प्रतिनिधि/पर्यावरण कंसलटेंट को जनता द्वारा उठाये गये ज्वलंत मुद्दो तथा अन्य तथ्यों पर कंडिकावार तथ्यात्मक जानकारी/स्पष्टीकरण देने के लिये कहा गया।

कंपनी कंसलटेंट श्री महेश्वर रेड्डी द्वारा बताया गया कि इलेक्ट्रोल चिमनी की उचाई ीाी अनुसार किया जायेगा। बैग फिल्टर लगाया जायेगा। कन्वेयर से कव्हर होगी। टोटल लैड में 35 प्रतिशत पर हरित पट्टिका लगाया गया है। 655 कि.ली. पानी ग्राउण्ड वाटर से लिया जायेगा। सालिड वेस्ट को पॉवर प्लांट में युटिलाईज करेंगें। कार्बन मोनो ऑक्साई का कोई प्राबलम नहीं होगा। पॉलिशन कन्ट्रोल सिस्टम लगेगा। इनर्जी मीटर भी लगेगा। प्रस्तावित परियोजना में सिलिकोसिस के उत्पानन होने वाले नही है। वेस्ट वाटर युटीलाईजशन टेंक में लिया जायेगा। डस्ट सप्रेशन में उपयोग किया जायेगा। रोलिंक मिल के मेकअप वाटर में उपयोग किया जायेगा। इस परियोजना में इंटर लॉकिंक सिस्टम लगेगा। जिसमें पता चलेगा कि कितना घंटा चला है।

राधेश्याम अग्रवाल द्वारा अध्ययन क्षेत्र में परीक्षण के लिये लेबोट्री को भेजा गया है उसे किन किन गांव से लिया है ओर क्या पंचनामा बनाया गया है।

महेश्वर रेड्डी – हमने चिरापानी, शिवपुरी, पाली, से सेम्पल लिया गया है पर पंचनामा नहीं किया गया है।

राधेश्याम अग्रवाल द्वारा किसी ग्राम पंचायत से आप नमूना ले रहे है बिना पंचनामा के वो फाल्स है फर्जी है।

सुनवाई के दौरान 19 अभ्यावेदन प्रस्तुत किये गये तथा पूर्व में 13 अभ्यावेदन प्राप्त हुये है। संपूर्ण लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी की गई। लोकसुनवाई का कार्यवाही विवरण क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा पढ़कर सुनाया गया। तत्पश्चात सायं 5:10 बजे धन्यवाद ज्ञापन के साथ लोकसुनवाई की समाप्ति की घोषणा की गई।

23/10/21
(एस.के. वर्मा)
क्षेत्रीय अधिकारी
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़

23/10/21
(आर.ए. कुरूवंशी)
अपर कलेक्टर
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)